

# चार एक समान त्रिकोण बनाना

पिछले अंक में हमने आप से एक सवाल पूछा था कि 16 भुजाओं से बनी आकृति में से 4 भुजाएं इस तरह मिटानी हैं कि चार एक समान त्रिकोण ही बचने चाहिए और कुछ नहीं।



शायद इस सवाल के और भी हल हो फिलहाल हम इस सवाल का एक हल यहां दे रहे हैं।



इस बार का सवाल :

फर्ज़ कीजिए आप किसी कार में सफर की तैयारी कर रहे हैं। कार के सभी दरवाज़े, खिड़कियां और हवा आने के सभी छेद बंद हैं। पिछली सीट पर एक बच्चा हवा से हल्की गैस से भरा एक गुब्बारा लिए बैठा है। गुब्बारा हवा में तैर रहा है। अचानक कार स्टार्ट होती है और आगे की ओर चल पड़ती है। अब आपको यह बताना है कि कार के आगे चल पड़ने से क्या गुब्बारा अपनी जगह बना रहेगा, या यह आगे की ओर जाएगा, या पीछे की ओर जाएगा?

आपके कारण समझाते हुए जवाब संदर्भ के पते पर भेजिए।